अनुक्रमांक ....................................... समय : 1.00 घण्टा

नाम ............................................... पूर्णांक : 25

# प्रश्न-पुस्तिका
# तृतीय सेमेस्टर – 2021
# (हिन्दी)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** ज्ञानाश्रयी शाखा के प्रमुख कवि हैं। **(1)**

(A) मालिक मोहम्मद जायसी (B) कबीरदास

(C) तुलसी दास (D) सूरदास

**2.** 'लोकायतन' के रचनाकार हैं- **(1)**

(A) सुमित्रा नंदन पंत (B) जयशंकर प्रसाद

(C) प्रेमचन्द (D) सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला

**3.** "भाषा पर कबीर का जबरदस्त अधिकार था। वे वाणी के डिक्टेटर थे।" प्रस्तुत कथन निम्नांकित लेखकों में से किस लेखक का हैं- **(1)**

(A) प्रेमचन्द (B) रामचन्द्र शुक्ल

(C) हजारी प्रसाद द्विवेदी (D) रामविलास शर्मा

**4.** 'चित्रक' का तद्भव रूप है- **(1)**

(A) चीता (B) चित्र

(C) चित्त (D) चेतक

**5.** जिसके पास कुछ न हो वाक्यांश के लिए एक शब्द होगा - **(1)**

(A) निर्धन (B) अकिंचन

(C) असमर्थ (D) अक्षम

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**6.** देशज शब्द क्या है? उदाहरण सहित समझायें। **(1)**

**7.** 'लकीर का फकीर होना' मुहावरे का अर्थ बताइए। **(1)**

**8.** 'मुख मयंक सम मंजु मनोहर' पंक्ति में कौन सा अलंकार है? **(1)**

**9.** 'अधजल गगरी छलकत जाए' लोकोक्ति का अर्थ बताए। **(1)**

**10.** संयुक्त वाक्य किसे कहते है? **(1)**

**11.** तार सप्तक का सम्पादन किस समय हुआ? **(1)**

**12.** अर्थ के आधार पर वाक्य के कितने भेद है? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। **(1)**

**13.** श्रव्य - दृश्य सामग्री की विशेषताएँ बताइए। **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**14.** जीवन और आत्मकथा में अंतर बताएं तथा किसी एक जीवनी और एक आत्मकथा तथा उसके लेखक का नाम बताइए। **(2)**

**15.** 'प्रकृति का सुकुमार कवि' के रूप में हिन्दी जगत् में कौन विख्यात है? उनकी प्रमुख रचनाओं के नाम लिखिए। **(2)**

**16.** प्रत्यय किस कहते है? उदाहरण सहित इसके भेदों को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**17.** वाक्य में पूर्ण विराम और प्रश्नसूचक चिन्ह् कब प्रयोग किये जाते है ? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**18.** औपचारिक तथा अनौपचारिक भाषा से आप क्या समझते है ? संक्षेप में स्पष्ट कीजिए। **(2)**

---

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-3/hindi/2021

2. हिन्दी का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-3/hindi/

3. हिन्दी के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-3/hindi/

---

**हमसे जुड़ें**

Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN